प्रादेशिक समाचार

15.05.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. पांचवें चरण का चुनाव प्रचार 18 मई को होगा समाप्त, तीन संसदीय सीट और गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए सभी राजनीतिक दलों ने झोंकी ताकत।

2. टेंडर कमीशन मामले में ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम से आज दूसरे दिन भी पूछताछ जारी।

3. गृह मंत्रालय ने लोगों को फर्जी अधिकारी बनकर धोखाधड़ी करने वालों से सतर्क रहने की दी सलाह, धोखाधड़ी होने पर हेल्पलाइन नंबर पर सूचना देने का किया आग्रह।

4. प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा ने आज आइआइटी–आइएसएम धनबाद के नए निदेशक के रूप में किया पदभार ग्रहण।

5. रांची स्थित बिरसा जैविक उद्यान में मां बाघिन से दबकर चार नवजात शावकों की मौत।

*******************

पांचवें चरण का चुनाव प्रचार के लिए तीन दिन शेष रह गए हैं। सभी राजनीतिक दलों ने अपनी पूरी ताकत लगा दी है। इस चरण में चतरा, हजारीबाग और कोडरमा संसदीय सीट पर 20 मई को मतदान होना है। वहीं गांडेय विधानसभा के लिए उपचुनाव भी 20 मई को ही होना है। इधर हमारे चतरा संवाददाता ने खबर दी है कि जिले में उम्मीदवारों के द्वारा प्रचार गाड़ियों का प्रयोग जन संपर्क के कार्य में प्रमुखता से किया जा रहा है। राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता घर–घर पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। वहीं सोशल मीडिया चुनावी प्रचार का बड़ा माध्यम बना है।

*******************

झारखंड में पांचवें और छठे चरण के चुनाव प्रचार के लिए विभिन्न दलों के स्टार प्रचारकों के आने का सिलसिला जारी है। इस क्रम में आज असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की हजारीबाग, कोडरमा और धनबाद लोकसभा क्षेत्र में एनडीए के पक्ष में जनसभा निर्धारित है। गिरिडीह जिले के देवरी में कोडरमा संसदीय क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में जबकि धनबाद में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। दूसरी ओर गिरिडीह के बेंगाबाद में झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव इंडी गठबंधन के भाकपा माले प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह और गांडेय विधान सभा उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन के पक्ष में चुनावी सभा कर वोट मांगेंगे। इस मौके पर कल्पना सोरेन भी उपस्थित रहेंगी। तेजस्वी यादव की आज चार चुनावी सभाएं तय है।

*******************

भाजपा के वरिष्ठ नेता सह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर 17 मई को रांची आयेंगे। वे पहले दिन रांची में रैली करेंगे। जबकि 18 मई को बोकारो में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 मई को घाटशिला आयेंगे। वे वहां भाजपा प्रत्याशी विद्युतवरण महतो के पक्ष में समर्थन मांगेंगे। इसके अलावा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कल जमशेदपुर में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी समीर मोहंती के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे।

*******************

झारखंड में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया जारी है। इस चरण में 16 मई तक पोस्टल वोटिंग सेंटर में मतदान होगा। वहीं छठे चरण में गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर के लिए 19 मई से 21 मई तक जबकि सातवें और अंतिम चरण के लिए राजमहल, दुमका एवं गोड्डा जिले के मतदाताओं का 24 से 25 मई तक पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराया जायेगा। बता दें कि 85 वर्ष से अधिक उम्र वाले और दिव्यांग मतदाताओं के लिए घर पर जाकर वोटिंग करायी जायेगी।

*******************

बोकारो जिले के शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन युद्ध स्तर पर कार्य कर रहा है।

*******************

दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्रा ने सभी मतदाताओं से वोट देने की अपील की है। श्री मिश्रा ने कहा है कि चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करें और राष्ट्र के निर्माण में सहभागी बनें। आपका एक वोट भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए संविधान प्रदत्त इस अधिकार का प्रयोग जरूर करें।

*******************

टेंडर कमीशन मामले में राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से ईडी की टीम आज फिर पूछताछ कर रही है। कल उनसे लगभग 9 घंटे की पूछताछ हुई। इस क्रम में मंत्री के साथ उनके निलंबित पीएस संजीव लाल, संजीव लाल की पत्नी रीता लाल, नौकर जहांगीर आलम से भी पूछताछ हुई। पीएस संजीव लाल और जहांगीर आलम ने कमीशन की राशि देने वालों की जानकारी इडी को दी है।

*******************

गृह मंत्रालय ने लोगों को पुलिस, केंद्रीय जांच ब्यूरो, नारकोटिक्स विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक, प्रवर्तन निदेशालय और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारी बनकर धोखाधड़ी करने वालों से सावधान रहने की सलाह दी है। मंत्रालय ने कहा कि कई पीड़ितों ने ऐसे अपराधियों के कारण बड़ी मात्रा में अपना धन खो दिया है। मंत्रालय ने लोगों को सलाह दी है कि वे ऐसी घटना की सूचना तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 या www.cybercrime.gov.in पर दें।

*******************

प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा ने आज धनबाद स्थित आइआईटी आइएसएम के नए निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने प्रबंधन अध्ययन और औद्योगिक इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर जे.के. पटनायक से पदभार ग्रहण किया। पदभार लेने के बाद उन्होंने संस्थान के प्रशासनिक भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में सभी डीन के साथ बैठक की और संस्थान में चल रही गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं का विवरण लिया। आज शाम रजिस्ट्रार प्रबोध पांडे के नेतृत्व में संस्थान के सभी अधिकारियों के साथ वे बैठक करेंगे।

*******************

रांची के बिरसा जैविक उद्यान में मां बाघिन से दबकर चार नवजात शावकों की मौत हो गयी। बाघिन ने 10 मई को शावकों को जन्म दिया था। उद्यान के निदेशक जबर सिंह ने बताया कि बाघिन गौरी ने पहली बार शावकों को जन्म दिया था। देखभाल का अनुभव नहीं होने पर वह शावकों के उपर ही सो गयी जिससे शावकों की मौत हो गयी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार वजन के कारण शावकों का दम घुट गया।

*******************

सिमडेगा जिले के जलडेगा थाना क्षेत्र अंतर्गत बनजोगा सड़कटोली में कल चुनाव कार्य संपन्न कराकर लौट रहे छत्तीसगढ़ आर्म्ड पुलिस फोर्स के एक मालवाहक ट्रक ने एक बाइक सवार दम्पत्ति को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे महिला कीघटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि घायल व्यक्ति ने राउरकेला में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। दंपत्ति के साथ उनकी एक वर्ष की बच्ची भी थी। घायल बच्ची का इलाज किया जा रहा है। मालवाहक ट्रक का चालक फरार हो गया।

*******************

जामताड़ा जिले में अभियान चलाकर पात्र लोगों को बीसीजी का टीका लगाया जाएगा। परियोजना निदेशक जुगनू मिंज ने कल आयोजित बैठक में बताया कि जुलाई से सितंबर तक चलने वाले इस अभियान के दौरान वैसे सभी व्यक्तियों को टीका लगाया जाएगा जो पूर्व में टीबी से ग्रसित हुए हों, टीबी मरीज के संपर्क में आए हों या 60 या उससे अधिक उम्र के बुजुर्ग, कुपोषित वयस्क, धूमपान करने वाले व्यक्ति एवं मधुमेह के मरीजों को भी बीसीजी का टीका लगाया जाना है।

*******************

गिरिडीह में आज जमीन विवाद में एक युवक की हत्या कर दी गई। गिरिडीह कोर्ट से एक मामले में गवाही देकर घर लौट रहे युवक पर चाकू से हमला किया गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए धनबाद ले जाया जा रहा था लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इधर लोगों ने हत्यारों की गिरफतरी के लिए गिरिडीह–बेंगाबाद पथ को जाम कर दिया।

*******समाप्त************